आई टी एल पब्लिक स्कूल
सेक्टर- 9 , द्वारका , नई दिल्ली
सत्र 2014-15
संकलनात्मक मूल्यांकन (1)
सेट (ब)

दिनांक: 19सितंबर 2014

कक्षा : तृतीय   विषय :हिंदी
समय : 2 घंटे   अधिकतम अंक :50
नाम :__________   अनुक्रमांक : ____
कुल पृष्ठ : 4   निरीक्षक हस्ताक्षर:______
कुल प्राप्तांक : ______   परीक्षक हस्ताक्षर:_______

सामान्य निर्देश: 1)इस प्रश्न पत्र में कुल चार पृष्ठ , चार भाग व 21 प्रश्न हैं।
2)सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
3)सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य हैं।

	भाग क (पढ़ना)	अंक
प्रश्न 1	नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। पोंगल तमिलनाडु का सबसे बड़ा त्योहार है।यह त्योहार तीन दिनों तक मनाया जाताा है।यह हर साल जनवरी में मकर संक्राति के अवसर पर मनाया जाता है।यह फसल का त्योहार है।इस दिन बैलों की पूजा की जाती है क्योंकि बैल खेत जोतने में किसान की मदद करता है।इस दिन यहाँ पर बैलों की दौड़ भी होती है।यहाँ की प्रमुख फसल गन्ना और चावल जनवरी तक पक कर तैयार हो जाती है।किसान अपनी फसल देखकर मज़े से झूमने लगते हैं।पोंगल के आस-पास धान की कटाई शुरू हो जाती है।धान कूट कर उससे चावल अलग किया जाता है।कूटकर निकाले गए चावलों को दूध और गुड़ के साथ नए घड़े में पकाया जाता है।फिर सभी लोग मिल-जुल कर भोजन करते हैं। (क)पोंगल कहाँ का सबसे बड़ा त्योहार है? (ख)इस दिन बैलों की पूजा क्यों की जाती है? (ग)तमिलनाडु की प्रमुख फसलें कब तक पक कर तैयार हो जाती है? (घ)नए घड़े में क्या पकाया जाता है? (ड)गद्यांश में से विलोम ढूँढों। छोटा , खत्म	5
	भाग ख (भाषा)	
प्रश्न 2	रिक्त स्थान में शब्दों में गिनती पूरी करें। पच्चीस ------------- ------------- अट्ठाईस ------------- ------------- इकतीस	2
प्रश्न 3	हिंदी अंकों में गिनती लिखें । (क)अड़तीस--------- (ख)उनचास----------- (ग) सैंतालीस ---------- (घ) बत्तीस-------------	2
प्रश्न 4	रिक्त स्थान में उचित संज्ञा शब्द भरें । (क) ———————में बच्चे शरारती होते हैं।	2

	(ख)भारत एक विशाल———————— है । (ग) मेरी माताजी का नाम———————— है। (घ)पहाड़ों से ———————— निकलती है ।	
प्रश्न 5	**निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों पर गोला लगाएँ।** (क)विक्रमादित्य बहुत दयालु थे। (ख)वहाँ की सुंदरता देखने लायक है। (ग)राम ने उसे मारा था। (घ)मैं शिमला घूमने गया था।	**2**
प्रश्न 6	**निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए ।** (क) अनुपस्थित (ख) सुबह	**1**
प्रश्न 7	**कोष्ठक में दिए शब्दों के विलोम रिक्त स्थान में लिखिए।** (क)महाभारत के युद्ध में कौरवों की ———————— हुई। (जय) (ख)आज अध्यापिका जी ने बहुत ———————— सवाल दिए। (सरल) (ग)हमें———————— चीज़े इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए। (देशी) (घ)चोर ने दरवाज़ा धीरे से ———————— कर दिया। (खुला)	**2**
प्रश्न 8	**रिक्त स्थान में उचित क्रिया शब्द भरें।** (क)फूल मत ————————। (ख)गीता रस्सी ———————— है।	**1**
प्रश्न 9	**निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द शुद्ध करके वाक्य दोबारा लिखें।** (क)लड़कियाँ गीत गा रहा है। (ख)चौकीदार ने घंटी बजाया।	**2**
प्रश्न 10	**कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर लिखें।** (क)दौड़ में सभी देशों के ————————लहरा रहे थे। (झंडा/झंडे) (ख)वह ———————— बहुत होशियार है। (बालिका/बालिकाएँ)	**1**
प्रश्न 11	**वचन बदलो ।** (क) बात (ख) तारा (ग)माला (घ)रोटी	**2**
प्रश्न 12	दवित्व व्यंजन वाले शब्द ढूँढ़कर लिखें। अन्न लस्सी राम त्रिशूल बच्चा गोलगप्पा गीता पप्पू शत्रु रात्रि आज्ञा पत्ता	**3**

	भाग ग - (साहित्य)	
प्रश्न 13	**निम्न शब्दों के अर्थ लिखो।** (क)थल (ख)बरखा	**1**
प्रश्न 14	**कविता 'जय हिंद' के आधार पर पंक्तियाँ पूरी करें ।** अगर कोई ―――――आए ――――― काम कराने आए ――――― मिलाओ साफ़ बताओ कह दो हमें एक ही ―――――है जय हिंद, जय हिंद!	**2**
प्रश्न 15	**कविता 'एक शरीर में कितने दो हैं' के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (क)इस कविता के कवि का नाम लिखें। (ख)मुट्ठी खोलने पर क्या बन जाती है? (ग) पंक्तियाँ पूरी करें । ―――――आँखें दो हैं उनके ऊपर――――― दो हैं। (घ) कविता के अंत में किन्हें एक बताया गया है?	**1** **1** **1** **2**
प्रश्न 16	**रिक्त स्थान भरें।** (क)तेनालीराम ने गड्ढे के ऊपर ―――――बिछवा दी । (घास /गलीचा) (ख)पंडित जी का नाम ―――――था।। (रामप्रसाद शर्मा / रामकुमार वर्मा) (ग)तोता――――― की तरह बातूनी हो गया था। (पंडित जी/बच्चों) (घ)तोता ――――― होना चाहता था। (आज़ाद/गुलाम)	**2**
प्रश्न 17	**निम्नलिखित वाक्यों में सही (√)या गलत(×) का निशान लगाएँ।** (क)तोता श्याम -श्याम कहता था। ☐ (ख)घरआकर पंडित जी ने पिंजरा सुरक्षित स्थान पर टाँग दिया। ☐ (ग)तेनालीराम के बाएँ पैर का अँगूठा गोबर में धँस गया। ☐ (घ)पक्षियों को भी प्यार की ज़रूरत होती है । ☐	**2**
प्रश्न 18	**किसने, किससे कहा।** (क)मरना तो मुझे एक दिन आपके पास भी होगा। (ख)तुम्हारे गंदे अँगूठे के स्पर्श से तो मेरे सुंदर गलीचे खराब हो जाएँगे। (ग)आपके तो गरदन के नीचे के सभी अंग गंदे हो गए हैं।	**3**
प्रश्न 19	**निम्नलिखित शब्दों को शुदध करके लिखें।** (क)दिलली (ख)केन्दर (ग)पारथना (घ)मनदिर	**2**

प्रश्न 20	**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (क)पंडित जी ने तोते को क्यों उड़ा दिया? (ख)तेनालीराम कई दिनों तक दरबार में क्यों नहीं आए?	**1** **2**
प्रश्न 21	**भाग घ (लेखन)** **दिए गए संकेतों के आधार पर दस से बारह पंक्तियों में अनुच्छेद लिखिए।** **मेरे पिताजी** **पिताजी का नाम, उम्र, रंग, शौक ,स्वभाव ,क्या काम करते हैं ? खाने व कपड़ों की पसंद।** **वे आपके लिए क्या -क्या करते है?**	**5**